# देश में पहली बार होगा 'राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण'


नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 9 मार्च.** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय, ग्वालियर द्वारा राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण पर दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**ग्वालियर में 100 अधिकारियों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण**

आईआईटीटीएम कॉलेज में किया गया। सोमवार से शुरू हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के पहले व्यापक घरेलू आय सर्वेक्षण के लिए अधिकारियों और प्रगणकों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है।

**नीति निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा सर्वेक्षण-** कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए



एनएसओ ग्वालियर के निदेशक गजेन्द्र सोनी ने बताया कि यह सर्वेक्षण अप्रैल 2026 से मार्च 2027 तक पूरे देश में चलाया जाएगा। यह अपनी तरह का पहला सर्वेक्षण है जो आय वितरण से संबंधित आंकड़ों के पुराने अंतराल को खत्म करेगा। इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े सरकार को खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास जैसी बुनियादी सेवाओं के लिए बेहतर नीतियां बनाने में मदद करेंगे।

**डेटा संकलन की चुनौतियां, कर का डर और योजनाओं का मोह-** तकनीकी सत्र में सहायक निदेशक मनीष मीणा (रतलाम) और वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी अखिलेश यादव (उज्जैन) ने सर्वेक्षण के दौरान आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि संपन्न वर्ग, कर संबंधी आशंकाओं के कारण अपनी वास्तविक आय बताने में संकोच कर सकता है। वही कमजोर वर्ग, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ बंद होने के डर से जानकारी छिपा सकता है। प्रशिक्षुओं को निर्देश दिए गए कि वे गहन और सावधानीपूर्वक पूछताछ कर आंकड़ों की शुद्धता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करें।

इस सर्वेक्षण का स्तर इतना व्यापक है कि पूरे देश में संचालित (अंडमान-निकोबार के कुछ दुर्गम गांवों को छोड़कर) होगा। जो कि पूरे साल चलेगा और जरूरी डाटा एकत्रित करेगा। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य रोजगार, निवेश और भूमि से प्राप्त आय का सटीक आकलन करना हैं।

**इन क्षेत्रों के अधिकारी हुए शामिल**



वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी आशीष चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि इस प्रशिक्षण में ग्वालियर, उज्जैन, रतलाम और शिवपुरी के लगभग 100 क्षेत्र कर्मी भाग ले रहे हैं। इसमें सहायक निदेशक, सांख्यिकी अधिकारी, सुपरवाइजर और प्रगणक शामिल हैं।

**रोविन सिंह, वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी**

# माधव जयंती पर आज होंगे भजन संध्या सहित कई आयोजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर,08मार्च।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की 81वीं जयंती पर 10 मार्च को ग्वालियर अंचल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस मौके पर मुख्य कार्यक्रम छत्री प्रांगण में आयोजित होगा, जहां सायं 5 बजे प्रसिद्ध भजन गायक राजेन्द्र पारिख एवं शिन्नी कालविट द्वारा भजन प्रस्तुत कर स्वरांजलि अर्पित की जायेगी। इससे पहले सुबह 9 बजे से नदीगेट व अम्मा महाराज छत्री प्रांगण में भाजपाइयों सहित शहर के गणमान्य नागरिक, वरिष्ठजनों सहित विभिन्न दलों से जुड़े लोग भी कै. सिंधिया को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। पुष्पांजलि कार्यक्रम छत्री प्रांगण, सिटी सेंटर पार्क व दीनदयाल नगर स्थित माधवराव की सभी प्रतिमाओं पर भी होगा। दिनेश शर्मा द्वारा डीडी नगर में कवि सम्मेलन रखा गया है। चारों धर्मों के धर्मगुरू संतकृपाल सिंह, शहरकाजी, ढोली बुआ महाराज, रमेश लाल एवं बलजीत सिंह, फादर संजय भौंसले को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया जायेगा।

## सिंधिया ने स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों का जायजा लिया

**ग्वालियर 9 मार्च.** केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिवपुरी में आयोजित विशाल स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में तीनों प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, गोविन्द राजपूत, राकेश शुक्ला तीनों जिले के कलेक्टर, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष, रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, सचिव प्रदीप पाराशर, डॉ. अनूपराज चौपड़ा, रमेश अग्रवाल उपस्थित थे।

# कूनो से फिर खुशखबरी : चीता ज्वाला ने 5 शावक जन्मे

नवभारत न्यूज

**श्योपुर 9 मार्च.** श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से फिर खुशखबरी आई है। नामीबियाई मादा चीता 'ज्वाला' ने आज 5 स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही अब भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 53 हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस जानकारी को साझा करते हुए इसे 'प्रोजेक्ट चीता' और वन्यजीव संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है।

ज्वाला उन आठ चीतों में शामिल थी, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2022 में कूनो में छोड़ा था। यह ज्वाला का तीसरा प्रसव है। इससे पहले उसने मार्च 2023 में पहली बार 4 शावकों को जन्म दिया था, जिनमें से केवल एक मुखी ही जीवित बचा था। जनवरी 2024 में 3 शावकों को जन्म देने के बाद अब आज 9 मार्च को तीसरी बार 5 शावकों को जन्म दिया है।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ज्वाला और उसके पांचों नवजात शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। विशेषज्ञों की टीम सीसीटीवी और मैदानी निगरानी के जरिए शावकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर नजर रख रही है। केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा है कि प्रोजेक्ट चीता के लिए गर्व का क्षण है कि नामीबियाई चीता और तीसरी बार मां बनी ज्वाला ने आज कूनो राष्ट्रीय उद्यान में पांच शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ भारत में जन्मे स्वस्थ शावकों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है जो भारतीय धरती पर चीता के 10वें सफल शावक समूह का महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह भारत की चीता संरक्षण यात्रा में एक और अहम उपलब्धि है। यह सफलता उन पशु चिकित्सकों, फील्ड स्टाफ और सभी संबंधित लोगों के समर्पण, कौशल और निरंतर मेहनत का परिणाम है, जो इस अभियान को धरातल पर सफल बनाने में जुटे हैं इन नए शावकों के आगमन के साथ भारत में कुल चीतों की संख्या अब 53 हो गई है।

# चंडीगढ़ के लग्जरी होटल में फरारी काट रहा 10 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**ग्वालियर। 9 मार्च.** डबरा पिछोर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में पिछले कई महीनों से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी यज्ञेय यादव को चंडीगढ़ से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी सेक्टर 35-सी स्थित एक होटल में छिपा हुआ था। पिछोर थाना प्रभारी शिवम राजावत की टीम ने तकनीकी सेल की मदद से आरोपी का सुराग लगाया। पुलिस टीम ने चंडीगढ़ के होटल



'ट्यूलिप प्रेजीडेंसी' से आरोपी को अभिरक्षा में लिया। ग्वालियर लाकर की गई पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर सिंध नदी के किनारे स्थित एक टपरिया से घटना में प्रयुक्त .32 बोर की देसी पिस्टल, मैगजीन और एक जिंदा राउंड बरामद किया गया है। घटना 22 दिसंबर 2025 की है, जब फरियादी हरेंद्र राणा के भाई (जो रेत कंपनी की फ्लाइंग स्क्वाड में तैनात है) ने आरोपी यज्ञेय यादव के बिना रॉयल्टी वाले अवैध ट्रैक्टर को रोका था। इसी रंजिश के चलते आरोपी यज्ञेय और उसके साथियों ने हरेंद्र पर जानलेवा हमला किया और पैर में गोली मार दी थी। आरोपियों ने मारपीट कर ट्रैक्टर भी छुड़ा लिया था और जान से मारने की धमकी दी थी।




# मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में 13 को होगा लाड़ली बहना सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**श्योपुर 9 मार्च.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में घाटीगाँव में प्रस्तावित लाड़ली बहना सम्मेलन एवं विकास कार्यों के लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम की तैयारियों की अंतरविभागीय समन्वय बैठक में समीक्षा की गई। कलेक्टर रुचिका चौहान ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखकर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दें। आयोजन स्थल पर लाड़ली बहनाओं सहित सभी प्रतिभागियों के बैठने के लिये बेहतर से बेहतर व्यवस्था करें। साथ ही पेयजल की भी पुख्ता व्यवस्था की जाए। जिन कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण होना है, उनकी सूची जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश भी विभागीय अधिकारियों को दिए गए। सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समर्थन मूल्य



पर गेहूँ उपार्जन की तैयारी, निर्माणाधीन सांदीपनि स्कूल व अन्य स्कूल भवन, जनगणना की तैयारी, संकल्प से समाधान, सहकारी बैंकों की वसूली व पुस्तक मेला सहित शासन की प्राथमिकता वाले अन्य कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर कुमार सत्यम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत व अपर जिला दण्डाधिकारी सी बी प्रसाद सहित जिले के सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कहा कि जिले के सभी एसडीएम सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों को गंभीरता से लें। एसडीएम व्यक्तिगत रुचि लेकर अधीनस्थ अमले के माध्यम से राजस्व विभाग से संबंधित सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएम हैल्पलाइन की पुरानी शिकायतों के निराकरण के प्रति उदासीन तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों का 5 - 5 दिन का वेतन काटने के लिये नोटिस जारी करें। साथ ही अपर जिला दण्डाधिकारी श्री सी बी प्रसाद को अगले 4 सोमवार को भितरवार में बैठक लेकर शिकायतों का निराकरण कराने के निर्देश दिए हैं।

अंतरविभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर चौहान ने रबी उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि जिले के सभी उपार्जन (खरीदी) केन्द्रों पर किसानों के लिये पुख्ता बुनियादी सुविधायें जुटाएं। हर केन्द्र पर छाया, पेयजल व किसानों के बैठने के लिये बेहतर व्यवस्था रहे। उन्होंने सभी एसडीएम को भी निर्देश दिए कि शेष गेहूँ उत्पादक किसानों का पंजीयन कराने के लिये क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगणों से संपर्क कर उनका सहयोग लें। बैठक में बताया गया कि पंजीयन के लिये 10 मार्च आखिरी तिथि है। जिले में अब तक लगभग साढ़े 11 हजार किसान अपना पंजीयन करा चुके हैं। पिछली साल लगभग साढ़े 13 हजार किसानों ने पंजीयन कराया था। सरकार द्वारा इस साल बोनस सहित 2625 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी की जायेगी। जिले में 23 मार्च से 22 मई तक गेहूँ का उपार्जन होगा।

अपर कलेक्टर कुमार सत्यम एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत ने राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए।




# रात भर सड़कों पर रही खाकी, 247 वारंटी दबोचे



नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 9 मार्च.** शहर और देहात की कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने और अपराधियों के मन में खौफ पैदा करने के उद्देश्य से ग्वालियर पुलिस ने रविवार-सोमवार की दरमियानी रात एक बड़ा 'कॉम्बिंग गश्त' अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देशन में चली इस कार्रवाई में जिले भर के थानों ने एक साथ दबिश दी, जिसमें 247 फरार वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

गली-मोहल्लों से लेकर होटल-ढाबों तक छानबीन गश्त के दौरान पुलिस की अलग-अलग टीमों ने संवेदनशील इलाकों में सर्चिंग की। इस दौरान बैंक एटीएम, होटल, लॉज, धर्मशाला और ढाबों की भी सघन चेकिंग की गई। संदिग्ध वाहनों और मुंह बांधकर घूमने वाले दोपहिया वाहन चालकों को रोककर पूछताछ की गई। जेल से हाल ही में रिहा होकर आए अपराधियों के घरों पर भी पुलिस पहुंची और उनकी वर्तमान गतिविधियों की जानकारी ली।

## कार्रवाई का रिपोर्ट कार्ड, आंकड़ों की नजर में

पुलिस टीमों ने न केवल वारंटियों को पकड़ा, बल्कि हिस्ट्रीशीटरों के घर जाकर उनकी हाजिरी भी ली। 247 वारंटी (115 स्थाई और 132 गिरफ्तारी वारंट) की गिरफ्तारियां हुई। अपराधियों की चेकिंग की गई जिसमें 149 गुंडे और 142 हिस्ट्रीशीटरों के रिकॉर्ड चेक कर उन्हें अपडेट किया गया। धारा 151 के तहत 01 और धारा 107/116 के तहत 08 मामलों सहित कुल 17 अन्य कार्यवाहियां की गईं।

**इनका कहना है...**

'जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। आदतन अपराधियों और जिला बदर आरोपियों को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि वे किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए गए, तो कड़ी कार्रवाई होगी। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।'

**— धर्मवीर सिंह, एसएसपी, ग्वालियर**

## मैदान में उतरे आला अफसर, खुद एसएसपी ने संभाली कमान

अभियान की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आधी रात को एसएसपी धर्मवीर सिंह स्वयं सड़कों पर उतरे और गश्त का जायजा लिया। उनके साथ जिले के सभी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिता डागर (शहर पूर्व), अनु बेनीवाल (शहर मध्य/यातायात), सुमन गुर्जर (शहर पश्चिम/अपराध) और जयराज कुबेर (ग्रामीण) अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त करते नजर आए।










स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95